घर में ही लगा ली नकली नोट छापने की फैक्ट्री: दिल्ली पुलिस ने मारी रेड, कर दिया गैंग का पर्दाफाश

Fake Currency Printing Factory Busted: दिल्ली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

Fake Currency Printing Factory Busted: दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने दिल्ली में नकली नोट छापने वाले गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। आरोपियों ने अपने घर में ही नकली नोट छापने का धंधा बना लिया था। इसके लिए तमाम जरूरी मशीनें अपने घर में ही लगाकर नकली नोट छापे करते थे, लेकिन पुलिस ने इस गैंग का पर्दाफाश कर दिया है और 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। बताया जा रहा है कि यह मामला दिल्ली के द्वारका मोड़ का है। चलिए जानते हैं आरोपी कैसे छापते थे नकली नोट।

701 नकली नोट किए बरामद

दिल्ली पुलिस को घर में चल रही इस फैक्ट्री की खबर मिल गई थी। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और मौका पाते ही फैक्ट्री में धाबा बोल दिया, फिर तो पुलिस ने जो देखा वह सचमुच हैरान कर देने वाला था। इस घर में 200 रुपये के नोट छापने की मशीनें लगी थी।

इसके लिए जिन-जिन सामग्री की जरूरत थी, घर से उन सभी सामानों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में जिन 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें अनस खान, अमन कुमार और विकास कुमार शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 200 रुपये के 701 नकली नोट भी बरामद किए गए हैं।

फैक्ट्री से ये सामग्री हुए बरामद

द्वारका जिला पुलिस के डीसीपी अंकित सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस फैक्ट्री से नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले प्रिंटर, एक लैपटॉप, एक ब्लैक एण्ड व्हाइट प्रिंटर, वॉर मार्क प्रिंट करने में इस्तेमाल होने वाला फ्रेम, लेमिनेशन मशीन और स्याही बरामद की गई है। इसके अलावा स्वरूप नगर के इब्राहिमपुर एक्सटेंशन के एक ठिकाने से सिक्योरिटी थ्रेड के लिए इस्तेमाल होने वाला रॉ मैटेरियल भी बरामद किया गया है। आरोपी इन्ही सामग्रियों का इस्तेमाल कर 200 रुपये का नकली नोट छापते थे।

Source: https://www.haribhoomi.com/state-local/delhi/news/delhi-dwarka-mor-fake-200-notes-being-printed-at-home-police-raid-3-arrested-41324